दिनांक 01.09.2025 "स्वच्छ एवं सुंदर भिलाई"

# आयुक्त ने सड़को के सौंदर्यीकरण हेतु लगाए जा रहे डिजाइनर पोल का किया निरीक्षण

**भिलाईनगर।** नगर पालिक निगम भिलाई जोन क्रमांक 01 नेहरू नगर भेलवा तालाब में आवश्यक सुधार कार्य, जुनवानी स्थित आनंद नगर में स्वीकृत रोड निर्माण, डिजाइनर पोल एवं तालाब की साफ–सफाई का निरीक्षण आयुक्त राजीव कुमार पाण्डेय द्वारा किया गया। आयुक्त पाण्डेय ने नेहरू नगर स्थित भेलवा तालाब के साफ–सफाई व्यवस्था को देखे और आवश्यक सुधार हेतु जोन आयुक्त अजय सिंह राजपूत को निर्देशित किए हैं। माननीय विधायक रिकेश सेन के विधायक निधि से भेलवा तालाब में आवश्यक संधारण कार्य हेतु निविदा की प्रक्रिया पूर्ण कर ली गई है। आवश्यक लाइटिंग, संधारण एवं पैंटीग का कार्य कराया जाएगा । जुनवानी स्थित आनंद नगर में नया रोड निर्माण किया जाना है, उक्त स्थल का अवलोकन कर रोड निर्माण कार्य शीध्र ही प्रारंभ करने निर्देशित किए हैं। एजेंसी से मौके पर निगम आयुक्त द्वारा चर्चा किया गया है जिसके अनुसार तत्काल कार्य प्रारंभ किया जाएगा । मॉडल टाउन में नेहरू नगर से सूर्या मॉल तक तक रोड सौंदर्यीकरण हेतु डिजाइनर पोल लगाया जा रहा है। जिसका निरीक्षण कर आयुक्त ने कार्य अतिशीध्र पूर्ण करने निर्देशित किए है। जिससे आगामी त्यौहार से पहले शहर के सड़को की प्रकाश व्यवस्था सुगम हो सके। आयुक्त ने कोहका आमा तालाब में साफ–सफाई व्यवस्था का निरीक्षण कर आवश्यक सुधार करते हुए सौंदर्यीकरण हेतु निर्देशित किए है। आकर्षक सौंदर्यीकरण, फाऊंटेन, बोटिंग के साथ–साथ रोड से लगे हुए तालाबों में फूड जोन हेतु कुछ दुकानों का निर्माण हेतु चर्चा किया गया है । भेलवा तालाब, आमा तालाब एवं संजय नगर तालाब में व्यवस्थाओं के सुधार हेतु अच्छी पहल होगी ।निरीक्षण के दौरान अभियंता पुरूषोत्तम सिन्हा, बसंत साहू, चंदन निर्मल, सहायक राजस्व अधिकारी अजय शुक्ला उपस्थित रहे।

